जागरण

मकान में चल रही थी नकली बीज की फैक्ट्री, छापा मारने पहुंचे टीम तो रह गई हैरान; कई जिलों में फैला नेटवर्क

जागरण संवाददाता, बदायूं। कृषि विभाग और जिला प्रशासन की टीम ने मंगलवार दोपहर शहर के आदर्शनगर मुहल्ले में नकली बीज फैक्टरी का भंडाफोड़ कर दिया। मौके से मक्का और सरसों का नकली बीज बरामद हुआ है और मकान से सात नामी कंपनियों के रैपर भी मिले हैं। बताया जा रहा है कि मकान में पिछले आठ माह से नकली बीज पैकिंग का काम चल रहा था और बदायूं समेत आसपास के जिलों में पैकेट सप्लाई किए जा रहे थे। मकान से माल बरामद करके पुलिस के हवाले कर दिया गया है।

मकान मालिक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई जा रही है। जिला कृषि अधिकारी दुर्गेश कुमार ने बताया कि उन्हें कई दिनों से सूचना मिल रही थी कि सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के आदर्शनगर मुहल्ले में एक मकान में नकली बीज बनाने की फैक्टरी चल रही है। उन्होंने दो दिन पहले भी दो कर्मचारियों को ग्राहक बनाकर मुहल्ले में भेजा था लेकिन मकान मालिक आर्डर मिलने पर बीज की पैकिंग कराता था और उसे सप्लाई कर देता था। सूचना के बाद पुलिस को लेकर पहुंचे

मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे उन्हें सटीक सूचना मिली लेकिन इससे वह वह एसडीएम सदर मोहित कुमार और सिविल लाइंस इंस्पेक्टर मनोज कुमार सिंह को सूचना दे चुके थे। उसके बाद वह अपनी टीम लेकर मौके पर पहुंच गए और मकान में छापा मार दिया। उस दौरान मकान में कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था। केवल महिलाएं मौजूद थी। उन्होंने टीम का विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया और टीम पर आरोप लगाने लगीं। इससे कृषि अधिकारी ने एसडीएम को सूचना दी। उसके दस मिनट बाद ही एसडीएम सदर और सिविल लाइंस इंस्पेक्टर महिला पुलिसकर्मियों को लेकर मौके पर पहुंच गए। फिर महिलाओं को पीछे हटाकर मकान में छानबीन की।

Source: https://www.jagran.com/uttar-pradesh/badaun-fake-seed-factory-busted-in-badaun-maize-and-mustard-seeds-recovered-23894853.html